पंजाब केसरी 27/03/2026

जी.एम.एन. कॉलेज में व्यावहारिक वित्त पर हुआ अतिथि व्याख्यान

अम्बाला, 26 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में व्यवहारिक वित्त (बिहेवियरल फाइनैंस) विषय पर एक ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान प्रबंधन विभाग एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में सहायक प्राध्यापक मनपरिया सिंह ने अपने व्याख्यान के दौरान बताया कि किस प्रकार मनोवैज्ञानिक कारक एवं मानवीय भावनाएं वित्तीय निर्णयों को प्रभावित करती हैं। उन्होंने सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन में वित्तीय व्यवहार को समझने की गहन और व्यावहारिक दृष्टि प्रदान की प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त तथा कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. गुरदेब सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके व्यावहारिक कौशल को भी विकसित करते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में व्यावहारिक वित्त पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में शामिल होने पहुंचे मुख्य वक्ता एवं विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)